Title : Request for release of funds for the Matabari Temple Development Project in Tripura

श्री बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा पश्चिम) : महोदया, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय को त्रिपुरा से संबंधित एक महत्वपूर्ण विषय से अवगत कराना चाहता हूं।

त्रिपुरा राज्य माता त्रिपुर सुंदरी की भूमि है, माता की 51 शक्तिपीठ में से एक है। राज्य के उदयपुर शहर में माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर के रूप में स्थापित है। वहां प्रत्येक वर्ष लाखों श्रद्धालू मां के दर्शन करके उनका आशीर्वाद लेने आते हैं। पूरे भारत से मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान करने के लिए ?प्रसाद योजना? के अंतर्गत माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर का विकास किया जा रहा है।

माताबारी मंदिर विकास परियोजना उत्तर पूर्व भारत में अध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से सबसे प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगी और त्रिपुरा का विकास सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही साथ भारत की अध्यात्मिक चेतना को भी मजबूती प्रदान करेगी। पूर्व में मंदिर के विकास के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा 37.8 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति दी गई थी। इस परियोजना का कार्य शुरू हुआ, तो पाया गया कि श्रद्धालुओं के लाभ और स्थान के बेहतर उपयोग के लिए और आवश्यक कार्य करने के लिए अतिरिक्त राशि की जरूरत है।

इस अतिरिक्त विकास कार्य के लिए 17.61 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय आवश्यक हो गया है। इस विषय पर तत्कालीन केंद्रीय पर्यटन मंत्री को दिनांक 21 दिसंबर, 2023 को उक्त धनरिाश जारी करने के लिए मैंने पत्र भी लिखा था, परंतु अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है।

आदरणीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय से उक्त धनराशि जारी करने का आग्रह करता हूं, जिससे मंदिर की विकास परियोजना को समय से पूरा किया जा सके।

धन्यवाद।